प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
01.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

उप–मुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हरोली और ऊना सड़क मार्ग पर घालूवाल में वर्ष 1962 में बने सोमभद्रा नदी के पुल को अब डबल लेन किया जाएगा। ऊना में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि इस पुल को फोरलेन मार्ग की तरह अप डाउन के लिए अलग–अलग पुलों के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। जिसके लिए केंद्र सरकार ने करीब 37 करोड रुपए का बजट प्रावधान किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल काफी पुराना हो चुका है जिसके चलते समय के साथ इस पुल को भी स्तरोन्नत किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में होशियारपुर तक इसी सड़क मार्ग को फोरलेन किया जा रहा है।

अश्विनी वैष्णव

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपराध से निपटने के लिए तकनीकी–कानूनी दृष्टिकोण का आह्वान किया है। उन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नए युग में एआई द्वारा उठाई गई चुनौतियों को हल करने के लिए, सीबीआई को स्टार्टअप, उद्योग और शिक्षा जगत के साथ मिलकर काम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कई संस्थानों और मंत्रालयों के साथ साझेदारी करके अत्याधुनिक साइबर फोरेंसिक प्रयोगशालाओं की स्थापना का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने सीबीआई अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक भी प्रदान किए।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद ने प्रतिष्ठित संस्थानों व संगठनों के साथ अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में उन्होंने संसद में ये बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने होम्योपैथी में अनुसंधान करने और हिमाचल प्रदेश सहित देश में इस पद्धति के छात्रों व चिकित्सकों की अनुसंधान योग्यता का विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कल कोटखाई उपमंडल में पनोग पंचायत की डिल्वी संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जुब्बल नावर कोटखाई में पिछले 2 वर्षों में युद्धस्तर

पर सड़क निर्माण कार्य हुआ है और करीब 400 करोड़ की राशि से सड़क निर्माण के कार्य प्रगति पर है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के लिए पब्बर नदी से 38 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य 30 जून तक पूर्ण किया जाएगा। इससे क्षेत्र की 23 पंचायतें लाभान्वित होंगी।

दृष्टिहीन संघ

राज्य दृष्टिहीन संघ अपनी मांगों को लेकर पिछले लम्बे समय से आंदोलनरत हैं। राज्य दृष्टिहीन संगठन के युवा सचिव राजेश ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वे विभिन्न विभागों में खाली पड़े दृष्टिहीन कोटे के बैकलॉग पदों को एक मुश्त भरने की प्रदेश सरकार से मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है लेकिन अभी तक सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि बजट में भी दृष्टिहीनों का ख्याल नहीं रखा गया और न ही उन्हें नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जबतक सरकार दृष्टिहीन के खाली पड़े पदों को नहीं भर लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि के दौरान आज माँ दुर्गा के चौथे स्वरूप कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जा रही है। मां कुष्मांडा प्रकृति और पर्यावरण की अधिष्ठात्री देवी है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।